दिनांक–11.04.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज। प्रधानमंत्री आज ऋषिकेश में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित।
- केन्द्रीय मंत्री अमित शाह एवं राजनाथ सिंह की चुनाव रैली आज मंडला, कटनी, सतना और रीवा जिले में।
- प्रदेश में आज हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है ईद उल फितर, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाए।
- मौसम विभाग ने जारी किया 40 से अधिक जिलों के लिए ओरेंज और येलो अलर्ट।

प्रधानमंत्री–उत्तराखंड

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी आज उत्तराखंड के ऋषिकेश में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। रैली का उद्देश्य गढ़वाल मंडल के तीन संसदीय क्षेत्रों, अर्थात् टिहरी, हरिद्वार और पौडी की जनता से भाजपा के लिए समर्थन जुटाना है। गौरतलब है कि मोदी ने अपनी पहली चुनावी रैली रुद्रपुर में संबोधित की थी, जिसे पूरे कुमाऊं क्षेत्र पर प्रभाव के साथ रणनीतिक स्थान के कारण चुना गया था। उत्तराखंड में आगामी 19 अप्रैल को सभी पांच राज्य सीटों के लिए होने वाले मतदान को देखते हुए आज होने वाली प्रधानमंत्री की सभा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

चुनाव प्रचार–प्रदेश

मध्य प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस सहित सभी दलों ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। आज भी स्टार प्रचारकों से लेकर प्रादेशिक नेता प्रचार के लिए अलग अलग लोकसभा क्षेत्रों में पहुंच रहे हैं।

वीसी–संजीव शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंडला और कटनी जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। श्री शाह अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी आज मध्य प्रदेश के दौरे पर हैं। वे सतना और रीवा जिले में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं, कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं ने कल भोपाल स्थित प्रदेश मुख्यालय में पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। कांग्रेस से वरिष्ठ नेता कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी और अरुण यादव प्रचार की कमान संभाल रहे हैं। बसपा, आम आदमी पार्टी, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और निर्दलीय उम्मीदवार भी प्रचार में जुटे हैं। संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

तीसरा चरण नामांकन–प्रदेश

प्रदेश में चार चरणों में लोकसभा चुनाव होने हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि तीसरे चरण में 9 लोकसभा क्षेत्रों में कल 12 अप्रैल से नाम निर्देशन पत्र भरे जायेंगे। उन्होंने बताया कि तीसरे चरण में मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, गुना, सागर, विदिशा, भोपाल, राजगढ़ सहित बैतूल में मतदान कराया जायेगा। तीसरे चरण के लिए निर्वाचन अधिसूचना शुक्रवार, 12 अप्रैल को जारी होगी। प्रत्याशियों द्वारा इसी दिन से नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये जाएंगे। नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी।

मतदाता जागरुकता

लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अभियान के तहत गतिविधियां जारी है। आगरमालवा, गुना, राजगढ़, जबलपुर सहित सभी जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिये जागरूक करने हेतु अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें युवाओं और महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जा रही है। मतदान के महत्व को लेकर संदेश जनता तक पहुंचाए जा रहे हैं। गुना जिले में स्व–सहायता समूह की दीदीयों द्वारा मानव श्रृंखला, रंगोली एवं शपथ के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदान की शपथ दिलाई।

देवास जिले में स्वीप अभियान के तहत महिला बाल विकास परियोजना देवास शहर व ग्रामीण की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ, नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे... और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

ईद–उल–फितर

रमज़ान के पवित्र महीने की समाप्ति का प्रतीक ईद–उल–फितर आज प्रदेश में भी हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। अब से कुछ ही देर में अकीदतमंद ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करेंगे। भोपाल में सबसे पहले मुख्य नमाज ईदगाह में होगी जहां शहर काजी नमाज अदा कराएंगे। इसके साथ ही ताजुल मस्जिद, मोती मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की जाएगी। ईद के मौके पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ईद–उल–फितर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, यह त्योहार रमजान के पवित्र महीने के दौरान उपवास और प्रार्थना की अवधि के समापन का प्रतीक है और प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में प्रार्थना की कि यह अवसर करुणा, एकजुटता और शांति की भावना को और फैलाए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी ईद के मौके पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाए दी हैं।

गणगौर पर्व

प्रदेश के खंडवा, खरगोन, बड़वानी, हरदा सहित पूरे निमाड़ क्षेत्र में आज गणगौर का पर्व परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाया जा रहा है। इस मौके पर महिलाए अपने आराध्य भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा अर्चना करेंगी। इसी दिन माता की घट स्थापना भी होगी। लोग ज्वारों स्वरूप माता की टोकरियां रथों में लेकर अपने–अपने घर जाएंगे, फिर अगले तीन दिनों तक भक्त अराधना में गणगौर के लोकगीत और झालरिया गाएंगे। गौरतलगब है कि गणगौर चैत्र कृष्ण एकादशी से ही प्रारंभ हो जाता है. बाड़ी में ज्वारे बोए जाते हैं। तब से हर दिन महिलाएं गणगौर के लोकगीत गाती हैं, जिन्हें झालरिया कहते हैं। पर्व के दौरान महिलाएं शिव और पार्वती दोनों की पूजा, आराधना करती हैं। तीज के दिन माता के विसर्जन के साथ पर्व का समापन होता है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार अलग–अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी आने की इस वजह से प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्र के अधिकतर जिलों में गरज–चमक के साथ बारिश हो रही है। विभाग ने आगामी 15 अप्रैल तक ऐसा ही मौसम बना रहने की संभावना जताई है। कल भी भोपाल, मुरैना, छिंदवाड़ा, विदिशा, सीहोर, देवास, रायसेन, बैतूल, राजगढ़, दमोह, कटनी सहित प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। अगले 24 घंटों में नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, बालाघाट, अनूपपुर जिलों के लिये मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि नीमच, रतलाम, मंदसौर, उज्जैन, धार, बुरहानपुर, हरदा, सीहोर के लिये येलो अलर्ट है। प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में गरज चमक के साथ बारिश और कहीं–कहीं ओले गिरने की संभावना है।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबले में तीन विकेट से हरा दिया। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात ने अंतिम गेंद पर राशिद खान द्वारा लगाए गए चौके की बदौलत सात विकेट के नुकसान पर 199 रन बनाए। गुजरात के लिए कप्तान शुभमन गिल ने 44 गेंदों पर 72 रन बनाए।

आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

समाचार संक्षेप में .....

- खण्डवा जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत पुनासा क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत जामन्या में प्रगतिरत सामुदायिक कूप निर्मल नीर कार्य का निरीक्षण किया
- सतना जिले में गेहूं उर्पाजन कार्य का निरीक्षण करने जिला स्तरीय दल गठित किया गया है। उड़नदस्तें में शामिल अधिकारियों का दल औचक निरीक्षण में अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेगा।
- राष्ट्रीय स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024 का उद्घाटन समारोह आज शाम एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल करही सतना में आयोजित होगा। 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता 2024 रोलर स्केटिंग में 27 राज्यों की टीम भाग ले रही है। इसमें 916 बालक–बालिका शामिल होंगे।

——————————————